हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026
कुरुद | सिरीं | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

13 पुलिस ने गले में तख्तियां डालकर चार युवकों को...



14 नवरात्रि की तैयारी को लेकर मां अंगारमोती ट्रस्ट की बैठक आज



खबर संक्षेप

गोकुलपुर में आज से रामधुनी प्रतियोगिता

धमतरी। पितृपक्ष के अवसर पर गोकुलपुर वार्ड में तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता एवं रामनाम महायज्ञ का आयोजन 2 से 4 अक्टूबर तक रंगमंच अखाड़ा चौक में किया जाएगा। पहले दिन गोकुलपुर, डोकला चारामा, गोजी



नारी, नरहरपुर, बिरोदा अभनपुर और मिरई की मंडलियां प्रस्तुति देंगी। दूसरे दिन गोकुलपुर, अरौद, किकिरमेटा, दरगहन, गिधाली, भटगांव और आमदी की मंडलियां रामधुनी प्रस्तुत करेंगी। तीसरे दिन गोकुलपुर की महिला मंडली सहित करगा, चिरपोटी, संबलपुर राजनांदगांव, तवंरबाहारा गरियाबंद और चंदिया राजनांदगांव की मंडलियां शामिल होंगी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय सहित अन्य पुरस्कारों के साथ सादा मंडली, विशेष झांकी, विशेष गायन और विशेष व्याख्या के लिए पुरस्कार रखे गए हैं। निर्णायक मनराखन सिन्हा, विजय साहू और विजय गौतम साहू होंगे। समिति के अध्यक्ष भगवान सिंह, सचिव धरम साहू, उपाध्यक्ष अशोक साहू और कोषाध्यक्ष नारायण साहू ने धर्मप्रेमी नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

आज सिवनीकला में कबड्डी प्रतियोगिता

सिरीं। ग्राम सिवनीकला (सिरीं) के चम्पेश्वर पारा में जय बजरंग कबड्डी दल एवं रॉयल क्लब सिवनीकला



के तत्वावधान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 2 अक्टूबर शुक्रवार को किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11,001 रुपए, द्वितीय 8,001 रुपए, तृतीय 5,001 रुपए तथा चतुर्थ पुरस्कार 3,001 रखा गया है। बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर और बेस्ट ऑलराउंडर को 501-501 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान महिला वर्ग के लिए रस्सी खींच प्रतियोगिता भी होगी। प्रथम पुरस्कार 1,501 रूपये एवं द्वितीय पुरस्कार 801 रूपये रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 2 अक्टूबर को शाम 5 बजे होगा। मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी होंगे। अध्यक्षता लता ध्रुव सरपंच सिवनीकला करेंगी। यह जानकारी विक्रमसिंह साहू ग्रामीण अध्यक्ष ने दी।

वीबी जी-राम-जी योजना से विकसित होगा ग्रामीण अंचल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रथम वर्ष 184 करोड़ के कार्य स्वीकृत, वीडियो कांफ्रेंसिंग से 370 ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिव से चर्चा

गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने विकसित भारत जी-राम-जी योजना पर पत्रकारों से चर्चा की। वीबी जी-राम-जी को लेकर जिपं सभाकक्ष में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई जिसमें जिले की सभी 370 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, जिला पंचायत व जनपद के अध्यक्ष, सदस्य और अधिकारियों ने आनलाइन चर्चा कर विस्तृत जानकारी दी।

जिपं अध्यक्ष श्री सार्वा ने बताया कि वीबी जी-राम-जी योजना 2 जुलाई से पूरे भारत में लागू हुई है। प्रथम वर्ष में धमतरी जिले में 184 करोड़ रूपए का कार्य किया जाना है। अभी पांच माह शेष है। विकास कार्यों को गति देने सभी पंचायतों को जरुरत के कार्यों को अविलंब शुरु करने प्रस्ताव देने निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा में 100 मानव दिवस था । अब वीबी जी- ⏭ शेष पेज 13 पर

4 श्रेणियों में 375 प्रकार के कार्य

श्री सार्वा ने बताया कि मनरेगा में मिट्टी मूलक कार्य किए जाते थे, लेकिन जी-राम-जी में कार्यों को 4 प्रमुख श्रेणियों में बांटा गया है, जिसमें 375 प्रकार के कार्य कराए जाएंगे। श्रेणी 1 में जल संवर्धन कार्य है जिसके तहत 128 जल सुरक्षा के कार्य किए जा सकेंगे। श्रेणी 2 में मूल ग्रामीण संरचना के 11 प्रकार के कार्य होंगे। श्रेणी 3 में आजीविका संबंधित 98 कार्य किए जा सकते हैं। श्रेणी 4 में अति विषम परिस्थिति मौसम आपदा से संबंधित 38 कार्यों को किया जा सकता है।



भ्रष्टाचार पर लगेगी लगाम

जी-राम-जी में भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी को लेकर श्री सार्वा ने कहा कि हर ग्राम पंचायत को साल में 50 लाख रुपए का बजट मिलेगा। कार्य स्वीकृत कराने नेताओं का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। जी-राम-जी के कार्यों की निगरानी इंजीनियरों की टेक्निकल टीम करेगी। उन्होंने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि ठेका प्रथा मुक्त तथा गुणवत्तायुक्त कार्य जनसेवा और ग्राम सेवा के भाव से करना होगा।

ग्राम पंचायत का प्लान स्वीकृत होगा

श्री सार्वा ने बताया कि जी-राम-जी में पंचायत द्वारा किया गया प्लान ही स्वीकृत होगा। जिले के धमतरी एवं कुरूद ब्लाक में जल संवर्धन को लेकर 40-40 प्रतिशत, नगरी में 30 प्रतिशत कार्य होंगे। 60 प्रतिशत मजदूरी तथा 40 प्रतिशत मटेरियल के काम होंगे। प्रथम वर्ष छोटे तथा आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी जिसमें बालिका शौचालय, प्रत्येक गांव में आंगनबाड़ी, मुक्तिधाम विहीन गांव में मुक्तिधाम, जल संरक्षण, वाटर रिचार्ज और आवश्यकतानुसार सीसी रोड, नाली निर्माण, खेल मैदान, ग्रामीण पार्क, धरसा रोड निर्माण शामिल हैं।

बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर हो रहा धमतरी, पीएम सूर्यघर योजना में बढ़ी लोगों की रूचि

घरों की छत पर रोजाना बन रही 75 हजार यूनिट बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बिजली उत्पादन में भी हमारा धमतरी जिला आत्मनिर्भर बनता जा रहा है। घरों पर लगे सोलर पैनल से 74 हजार यूनिट से ज्यादा बिजली बन रही है। सूर्य की रोशनी के हिसाब से किसी दिन ज्यादा तो किसी दिन कम बिजली बन रही है। यह बिजली सीधे विद्युत विभाग को मिल रही है। सोलर पैनल लगाने का सिलसिला लगातार जारी है। रोजाना 30-32 नई सोलर यूनिट लग रही है।

पीएम सूर्यघर योजना से लोग बिजली उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर होते जा रहे हैं। इस योजना के तहत शासन लोगों को अपने घर की छत पर सोलर विद्युत प्लांट लगाने ⏭ शेष पेज 13 पर



बंद हो सकती है सब्सिडी

सोलर सिस्टम लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए शासन द्वारा भारी भरकम सब्सिडी दी जा रही है। लोग अब धीरे-धीरे इस योजना को लेकर जागरूक हो रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस वित्तीय वर्ष के बाद शासन सब्सिडी बंद कर सकता है। उल्लेखनीय है कि जिले में 14 हजार 14 घरों में सोलर सिस्टम लगाने का लक्ष्य मिला है। सब्सिडी बंद होने से पहले अधिकारी इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए जुटे हुए हैं। लोगों के रूझान को देखते हुए उम्मीद है कि इस साल लक्ष्य के अनुरूप सोलर सिस्टम लग जाएंगे।

5 हजार 944 घरों में सोलर सिस्टम

पीएम सूर्यघर योजना के तहत 5 हजार 944 घरों में सोलर सिस्टम लग चुका है। किसी ने 3 किलोवाट का सिस्टम लगवाया है तो किसी ने 10 किलोवाट का। जानकारी के अनुसार प्रतिकिलो वाट औसतन 3 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। एक अनुमान के अनुसार इन सोलर सिस्टम से जिले में 75 हजार यूनिट से ज्यादा बिजली बन रही है। खास बात यह है कि जिनके घरों में सोलर सिस्टम लगा है, वे अपने घर के सिस्टम में बन रही बिजली और घर में खपत हो रही बिजली की मॉनिटरिंग भी रोजाना मोबाइल एप से कर सकते हैं। वे खपत और उत्पादन की हिस्ट्री भी देख सकते हैं।

जिले के 108 केंद्रों में होगी धान की खरीदी

- शासन से नए 8 खरीदी केंद्रों को मंजूरी, नए खरीदी केंद्रों में व्यवस्था सुचारू करने तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मापदंडों के अनुसार परिसीमन के बाद जिले को आठ नए धान खरीदी केंद्रों की सौगात मिली है। इस साल से जिले में में कुल 108 केंद्रों में धान की खरीदी होगी। धान खरीदी शुरू होने में अब डेढ़ माह बाकी है। ऐसे में इन खरीदी केंद्रों में व्यवस्था जुटाने के लिए अभी तैयारी शुरू कर दी गई है। बाकी खरीदी केंद्रों में व्यवस्थागत खामियों को दूर किया जा रहा है।

धान बेचने के लिए किसानों को ज्यादा समस्याओं का सामना करना न पड़े, इसके लिए हर साल जिले में नए खरीदी केंद्र खोले जा रहे हैं। पिछले साल तक खरीदी केंद्रों की संख्या 100 हो चुकी थी। इस साल नए 8 धान खरीदी केंद्रों की मंजूरी मिली है। ऐसे में अब कुल 108 धान खरीदी केंद्र हो चुके हैं। इन खरीदी केंद्रों का संचालन जिले की 74 सहकारी समितियों के माध्यम से होगा। शासन से स्वीकृति आने के बाद इन खरीदी केंद्रों में इंटरनेट, तराजू बाट, फड़ के लिए जमीन का चयन, कर्मचारी, चबूतरा सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत अमेठी में धान खरीदी केंद्र खोले जाने की मांग आई है। अभी इस आवेदन पर विचार किया जा रहा है। अभी अमेठी के ग्रामीण खरेंगा के खरीदी केंद्र में धान बेचते हैं।



फाइल फोटो

वीबी जी-राम-जी से बनेंगे चबूतरे

नए धान खरीदी केंद्रों में ही नहीं बल्कि जिले के अन्य खरीदी केंद्रों में भी वीबी जी-राम-जी योजना के तहत चबूतरा बनाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए नोडल अधिकारी से धान खरीदी केंद्रों का सर्वे करने के बाद प्रस्ताव मंगाया गया है। कल होने वाली ग्रामसभा में इसके लिए अनुमोदन भी कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वीबी जी-राम-जी योजना के तहत चबूतरा निर्माण होने पर 80 प्रतिशत पंचायत से और 20 प्रतिशत सोसाइटी के मद से चबूतरा निर्माण का खर्च वहन किया जाएगा।

इन केंद्रों को मिली स्वीकृति

प्रस्ताव आने के बाद नए खरीदी केंद्रों के लिए सर्वे किया गया। इसके बाद कलेक्टर के दस्तखत से खरीदी केंद्रों की डिमांड उपर भेजी गई। मापदंडों पर खरा उतरने के बाद जिले में 8 खरीदी केंद्रों की सौगात मिली है। इनमें सिलौटी, भुसरेंगा, अटंग, राजपुर, टांगापानी, सिलघट में नए खरीदी केंद्रों की मंजूरी मिली है। बैंक स्तर और मार्कफेड से अपने-अपने स्तर पर इन खरीदी केंद्रों में व्यवस्था सुनिश्चित करने की तैयारी चल रही है।

जोन स्तर पर पहला स्थान पाने वाले 50 छात्रों को मिलेगा 10-10 लाख का पुरस्कार

स्टार्टअप में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए चैलेंज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बिजनेस और स्टार्टअप में रुचि रखने वाले पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्रों के लिए सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज का आयोजन किया गया। इस जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले 50 छात्रों को 10-10 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। कुल 5 करोड़ रुपए का पुरस्कार बंटेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के



उपलक्ष्य में जिला प्रशासन धमतरी और स्टार्टअप धमतरी के सहयोग से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज (जोनल स्तरीय) का आयोजन किया गया। यह विशेष कार्यक्रम भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक धमतरी में हुआ, जिसमें कॉलेज के बिजनेस और स्टार्टअप में रुचि रखने वाले सैकड़ों



विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कलेक्टोरेट एवं जिला प्रशासन धमतरी के अधिकारी-कर्मचारियों ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

बताया गया कि समाज की व्यावहारिक समस्याओं के नवाचारी समाधान खोजने वाले कुल 50 विजेताओं के लिए 5 करोड़ रुपए का पुरस्कार रखा गया है। प्रत्येक विजेता को 10 लाख की प्रोत्साहन राशि और जोनल स्तर पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य अमित मिश्रा के निर्देशन में व्याख्याता कुंदन साहू, टार्जन मरकाम, केएसके शर्मा (सहायक कर्मशाला अधीक्षक) सहित प्राध्यापकों एवं तकनीकी स्टाफ का योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को समस्या पहचान, विचार विकास (आइडिया जनरेशन), स्टार्टअप मार्गदर्शन, पिचिंग एवं प्रस्तुति तथा चैलेंज रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। संस्थान के प्राचार्य अमित मिश्रा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि धमतरी के स्थानीय विद्यार्थियों का एक छोटा इनोवेटिव आइडिया न केवल धमतरी बल्कि पूरे देश की तस्वीर बदल सकता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से 17 अक्टूबर से पहले सेवाइनोवेशनल चैलेंजडाटइन और युवा धमतरी डाट काम में पंजीयन करवा कर इस अभियान में भागीदारी करने की अपील की है।

सो रही मां-बेटी को सांप ने काटा, बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रात्रि में घर में रखे पाटे में सो रही मां-बेटी को जहरीले सांप ने काट लिया।

- केकराखोली की घटना

इस घटना में बच्ची की मौत हो गई। वहीं पीड़ित मां का जिला अस्पताल में उपचार किया गया।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम केकराखोली निवासी संतोषी मरकाम पति नरसुराम उम्र 30 वर्ष बुधवार की रात्रि भोजन करने के बाद अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी मनस्वी मरकाम के साथ पाटे में सो रही थी। रात्रि में बच्ची अचानक रोने लगी। मनस्वी को रोता देख संतोषी हाथ बढ़ाकर बच्ची को अपने तरफ खींच रही थी तभी उसका हाथ बच्ची के दाहिने हाथ की ऊंगली को काटकर बिस्तर पर बैठे जहरीले





सांप करैत से टकरा गया। सांप ने संतोषी के हाथ को काट लिया। घटना की जानकारी होने पर नरसुराम ने लाइट जलाकर देखा तो बिस्तर पर करैत सांप था। सांप के दिखने के बाद बच्ची के रोने का कारण उसे समझ में आया। रात्रि में ही निजी वाहन की मदद से सर्पदंश से पीड़ित दोनों मां-बेटी को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं संतोषी को वार्ड में भर्ती कर उसका उपचार किया गया। महिला के स्वास्थ्य में सुधार होने पर उसे गुरूवार की दोपहर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

मानसून की वापसी, परिस्थिति अनुकूल

धमतरी। आमामी 48 घंटे में छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों से मानसून की वापसी हो जाएगी। इसके लिए परिस्थिति अनुकूल बनी हुई है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिन में छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों से दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी के लिए अनुकूल परिस्थिति बनने की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम मानसून रेखा गुरूवार को गुरदासपुर, चंडीगढ़, गुजफ्फरनगर, अलीगढ़, धौलपुर, डीसा, नलिया से होकर गुजरी। अगले 48 घंटे के दौरान जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार तथा झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों से मानसून की वापसी के लिए अनुकूल परिस्थिति है। शुक्रवार को प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।



खबर संक्षेप

चित्रकला प्रतियोगिता में मानवी प्रथम

सिर्री। सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न थीम में ब्लॉक स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता हुई जिसमें



शासकीय माध्यमिक शाला गुदगुदा की कक्षा 8वीं की छात्रा मानवी साहू पिता गिरधारीलाल साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मानवी प्रतिभाशाली छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य टीके सोनकर, प्रपा एनआर बघेल, संकुल समन्वयक मनोज नेताम, शिक्षक दुर्गेश द्विवेदी, जतीश सिन्हा, रमेश ध्रुव, तरुण सिन्हा, नीलेश भारद्वाज, दीनदयाल साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेमलता साहू, नारायण साहू, एवनलाल साहू, सरपंच संजय साहू ने हर्ष जताया है।

पूर्ण पेंशन की मांग को लेकर शिक्षक आज करेंगे सत्याग्रह

जीजामगांव। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष नारायण सोनी ने बताया



कि 1998-99 में नियुक्त शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्ण पेंशन एवं ग्रेच्युटी सहित अन्य सेवानिवृत्ति लाभ दिए जाने की मांग को लेकर 2 अक्टूबर को नया रायपुर के तूता मैदान में एक दिवसीय पेंशन सत्याग्रह किया जाएगा। सत्याग्रह में प्रदेशभर से करीब 3 हजार कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षक शामिल होंगे। शिक्षक गांधी टोपी पहनकर अपनी मांग को लेकर आवाज बुलंद करेंगे।

युवाओं में बढ़ रहा बीपी-शुगर, आयुर्वेद से मिल रहा स्वास्थ्य का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बदलती जीवनशैली, अनियमित दिनचर्या, जंक फूड और शारीरिक गतिविधियों की कमी का असर अब युवाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। ग्रामीण क्षेत्र में बीपी और शुगर की स्क्रीनिंग के साथ मरीजों को आयुर्वेदिक उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्ष 2026 में 11वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद थीम पर मनाया जा रहा है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में ग्रामीणों की बीपी और शुगर की जांच की जा रही है। समस्या सामने आने पर मरीजों को आयुष पालीक्लिनिक में विशेषज्ञ परामर्श के लिए रेफर किया जाता है। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवध पचौरी ने बताया कि आयुर्वेद में उपचार के साथ खानपान, दिनचर्या और शारीरिक सक्रियता पर भी जोर दिया जाता है।

अनियमित दिनचर्या, जंक फूड और शारीरिक गतिविधियों की कमी का असर

टेलीमेडिसिन से विशेषज्ञों की सलाह

आयुष विभाग की टेलीमेडिसिन सेवा के जरिए सुदूर गांवों के मरीज जिला अस्पताल के आयुष विंग की विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. सरिता पचौरी से परामर्श ले रहे हैं। गर्भावस्था और प्रसव के बाद महिलाओं को आहार, उपचार व जांच संबंधी सलाह दी जा रही है। कारुण्य योजना के तहत गंभीर मरीजों के घर जाकर डाइट चार्ट, योग और प्राणायाम की जानकारी भी दी जा रही है।



बच्चों के स्वास्थ्य पर भी फोकस

जिले के 36 आयुर्वेद अस्पतालों में पुष्य नक्षत्र पर 16 वर्ष तक के बच्चों का स्वर्णप्राशन संस्कार कराया जा रहा है। विभाग के अनुसार अब तक करीब 50 हजार बच्चों को ड्राप दिया जा चुका है। वहीं बच्चों में जंक फूड के बढ़ते सेवन और खेलकूद की कमी से होने वाले मोटापे को लेकर भी जागरूकता पर जोर दिया जा रहा है।

राजस्व विभाग का काम कृषि अमले से कराने का आरोप

फसल गिरदावरी में आरएईओ और एडीओ की ड्यूटी का विरोध, बहिष्कार का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने डीसीएस पीवी ऐप के माध्यम से फसल गिरदावरी में आरएईओ एवं एडीओ की ड्यूटी लगाए जाने का विरोध किया है। संघ की 26 सितंबर को आयोजित वर्चुअल प्रांतीय बैठक में सर्वसम्मति से इस कार्य के बहिष्कार का निर्णय लिया गया।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष लिखेश वर्मा ने कहा कि फसल गिरदावरी मूलतः राजस्व अभिलेखों, खसरा, नक्शा, सीमांकन एवं बटांकन से जुड़ा कार्य है। इस कार्य में कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों को लगाने के बजाय राजस्व अमले एवं सर्वेयरों से ही कार्य कराया जाना चाहिए। संघ ने प्रदेश के समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों से फसल गिरदावरी कार्य में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया है।



आदेश वापस नहीं हुआ तो चरणबद्ध आंदोलन

प्रदेश अध्यक्ष लिखेश वर्मा ने कहा कि संघ ने छग के राजस्व सचिव, कृषि सचिव एवं संचालक कृषि को ज्ञापन सौंपा है। संघ ने कृषि अधिकारियों को गैर विभागीय कार्यों से पृथक रखने की मांग की है। इसके बावजूद यदि आरएईओ एवं एडीओ की ड्यूटी डीसीएस पीवी ऐप गिरदावरी से वापस नहीं ली जाती है, तो संघ द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

फसल गिरदावरी संवेदनशील कार्य

संघ के प्रांतीय महामंत्री मोहित जैन का कहना है कि कृषि अधिकारियों के पास राजस्व अभिलेखों, खसरों के सीमांकन, बटांकन तथा खेतों की सटीक भौगोलिक स्थिति की वह जानकारी एवं प्रशिक्षण नहीं है, जो फसल गिरदावरी जैसे संवेदनशील कार्य के लिए आवश्यक है। डीसीएस में पुराने नक्शों एवं तकनीकी विसंगतियों के कारण मैदानी स्तर पर खसरा पहचानना उनके लिए कठिन हो रहा है।

मूल कार्य छोड़कर गैर विभागीय कार्य स्वीकार नहीं

संघ के प्रांतीय सचिव दीपक पटेल ने कहा कि खरीफ सीजन में कृषि विभाग का मैदानी अमला फसल निरीक्षण, कीट-व्याधि नियंत्रण, पीएम-किसान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम-आशा, कृषि डीएसएस, कृषक पंजीयन एवं सत्यापन, कृषक उन्नति योजना, बीज उत्पादन सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त है। ऐसे समय में मैदानी कृषि अधिकारियों को लगातार गैर विभागीय कार्यों में लगाने से कृषक हित से जुड़े विभागीय कार्य प्रभावित होंगे।

गलत गिरदावरी से किसान हित प्रभावित होगा

संघ के महामंत्री नवल साहू ने बताया कि डीसीएस पीवी ऐप में दर्ज फसल एवं खसरा संबंधी जानकारी का उपयोग आगामी धान खरीदी एवं एमएसपी संबंधी प्रक्रियाओं में किया जाना है। ऐसी स्थिति में यदि राजस्व अभिलेख अथवा फसल विवरण की प्रविष्टि में त्रुटि होती है, तो उसका प्रभाव संबंधित कृषक पर पड़ सकता है।

अंचल की खबरें

गणेश उत्सव में दिखी तीजन बाई की पंडवानी की झलक



पुरी। इस वर्ष भी कंडेल का राजा आदर्श गणेश उत्सव समिति श्रीवास्तव चौक द्वारा गणेश उत्सव के लिए विशेष थीम तैयार की गई। इस वर्ष समिति ने छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई को अपनी थीम का केंद्र बनाया। समिति की इस वर्ष की थीम तीजन बाई एक युग का अंत, लेकिन विरासत अमर रहेगी रखी गई। थीम के माध्यम से तीजन बाई के कला-जगत में योगदान और पंडवानी को देश-दुनिया तक पहुंचाने में उनकी भूमिका को श्रद्धांजलि देने का प्रयास किया गया। आयोजन समिति का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की संस्कृति और लोककला को नई पीढ़ी तक पहुंचाना था।



आंगन मिलन उत्सव में दी शासकीय योजनाओं की जानकारी



नगरी। घुड़ावड़ एक, घुड़ावड़ दो एवं डोमपदर आंगनबाड़ी केंद्र में सरपंच महेश नेताम एवं जनपद सदस्य मौसमी मंडावी, रिसउ राम की उपस्थिति में आंगन मिलन उत्सव कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता जैन, अनीता मंडावी एवं नंदिनी मानिकपुरी, ललेश्वरी नाग, सुनीता नागेश एवं ममता मरकाम थे। कार्यक्रम में विशेष टीकाकरण, बच्चों की स्वास्थ्य जांच, महतारी वंदन हितग्राहियों के द्वारा योजना के संबंध में अपने अनुभव साझा करना, गोदभराई, नेवता भोज, हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा का प्रचार-प्रसार, खिलौना दान, बच्चों के लिए नए परिधान वितरण के साथ साथ मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेक्टर सुपरवाइजर अनीता साहू द्वारा महिला बाल विकास द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं को लोगों के बीच रखी गई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अमिला नेताम, टिकेश्वरी नाग, कमला मानिकपुरी, चंद्रकला शर्मा तथा सहायिका बिमला नेताम एवं शारदा मानिकपुरी का विशेष सहयोग रहा।

डोंगरडुला स्कूल में छात्रों को रेबीज से बचाव के उपाय बताए



नगरी। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत ग्राम डोंगरडुला स्थित हायर सेकेंडरी विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए रेबीज बीमारी के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को रेबीज के कारण, संक्रमण के तरीके तथा इससे बचाव के आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि रेबीज एक गंभीर बीमारी है, जो संक्रमित पशु के काटने अथवा खरोंच लगने से फैल सकती है। विद्यार्थियों को विशेष रूप से कुत्ते एवं अन्य पशुओं के काटने के बाद तत्काल अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि पशु के काटने या खरोंच लगने की स्थिति में घाव को साबुन और साफ पानी से कम से कम 15 मिनट तक अच्छी तरह धोना चाहिए तथा बिना देरी किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। विद्यार्थियों को रेबीज टीकाकरण कराने के महत्व की जानकारी देते हुए पशुओं के प्रति सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य महेश्वर सिंह जयसिंधु सहित व्याख्याता एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

मेघा सोसाइटी में हुआ पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव पर सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत भाजपा मंडल मेघा अंतर्गत ग्राम मेघा की वृहत्ताकार कृषि साख सहकारी समिति में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ।



कार्यक्रम में अजय चन्द्राकर विधायक कुरूद, वीरेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, नगर पंचायत करेली बड़ी अध्यक्ष महेन्द्र साहू, जनपद सदस्य श्रीमती यमुना साहू, श्रीमती नंदनी गिरौद, सरिता कश्यप, राजेश साहू, टालेश्वर साहू, छत्रपाल साहू, कल्याण राजपूत, मंडल प्रभारी होरीलाल साहू, हेमंत साहू, रामाश्रु साहू, शत्रुघन साहू, डागेश्वर सोनकर, भरत साहू, इन्द्रजीतसिंह दिग्वा थे।

तराना निषाद की स्मृति में विधायक द्वारा, कृषक भागवत साहू गिरौद व स्व. श्रीमती निर्मला देवी साहू गिरौद के नाम पर पुत्र टालेश्वर साहू संरपच द्वारा, स्व.सुखीराम साहू की स्मृति में पुत्री यमुना साहू द्वारा

सिवनीखुर्द में गरुड़ पुराण कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ग्राम सिवनीखुर्द के बाजारपारा में शिवसेवा समिति सिवनीखुर्द-बाजारपारा बारना के तत्वावधान में सात दिवसीय श्री गरुड़ पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ 28 सितंबर से हुआ है। कथावाचक पं. विष्णुप्रसाद दुबे नवीन जोरातराई द्वारा श्रद्धालुओं को गरुड़ पुराण की कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धार्मिक प्रसंगों का श्रवण कर रहे हैं। कथा वाचक द्वारा गरुड़ पुराण में वर्णित जीवन, धर्म, कर्म और संस्कारों से जुड़े प्रसंगों को सरल भाषा में समझाया जा रहा है। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर





नजर आ रहे हैं। आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह है।

कलेक्टर ने किया कृषि प्रदर्शनी सह संग्रहालय का उद्घाटन

- कुरुद कृषि कॉलेज में दीक्षारंभ, विद्यार्थियों को बताए सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुरुद में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन बुधवार को हुआ। समारोह में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन जीवन में शिक्षा के साथ अनुशासन, कौशल और सकारात्मक सोच को प्राथमिकता देने की सीख दी। उन्होंने कहा कि यह जीवन का ऐसा महत्वपूर्ण चरण है, जहां विद्यार्थी स्वयं को निखारकर भविष्य की दिशा तय करते हैं। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. एलएस वर्मा विशिष्ट अतिथि तथा महाविद्यालय के डीन डॉ. नवनीत राणा अध्यक्ष रहे। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, महाविद्यालयीन व्यवस्था, छात्रावास नियम तथा उनकी शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई। साइबर सुरक्षा, यातायात नियम और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के प्रति भी जागरूक किया गया।



आधुनिक तकनीक से जुड़ने की दी सीख

कलेक्टर मिश्रा ने कृषि प्रदर्शनी सह संग्रहालय का उद्घाटन किया। डॉ. वर्मा ने विद्यार्थियों को तकनीकी बदलाव के अनुरूप कौशल विकसित करने तथा डॉ. राणा ने महाविद्यालय की शैक्षणिक व अनुसंधान गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

कृषि में रोजगार की संभावनाओं से कराया परिचित

विद्यार्थियों को कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में शासकीय सेवाओं, स्वरोजगार, उद्यमिता, अनुसंधान और रोजगार की संभावनाओं की जानकारी दी गई। सांस्कृतिक, खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों के साथ संवाद सत्र भी आयोजित हुए।

थूहा में सतनामी समाज का सम्मेलन 4 को

धमतरी। सतनाम भजन कलाकार जनकल्याण समिति छग के तत्वावधान में 4 अक्टूबर रविवार को ग्राम थूहा स्थित साधू कुटी में सत्संग सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सतनामी समाज जिला धमतरी के अशोक कुर्रे ने मंगल भजन चौका के संचालकों, पंडित-कडीहारों से उपस्थिति की अपील की है।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना क्रम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना, आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाई ईलाज। निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

भखारा-भठेली के पीड़ित सैकड़ों परिवारों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

40 वर्षों से पट्टे और पीएम आवास के लिए भटक रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

नगर पंचायत भखारा-भठेली के वार्ड क्रमांक 02 सहित कई वार्डों के निवासियों ने पट्टा और प्रधानमंत्री आवास सहित कई योजनाओं के लाभ से वंचित होने पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। वार्ड पार्षद भूपेन्द्र यादव, पार्षद प्रतिनिधि दीनानाथ साहू की अनुशंसा पर अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन सिंह एवं मुकेश बजाज अपर कलेक्टर (नजूल शाखा) को सौंपे गए इस ज्ञापन में शासकीय राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक संशोधन करने की मांग की गई है।



बताया कि खसरा नंबर 647 (रकबा 8.030 हेक्टेयर) के कुछ हिस्से पर पिछले 40 से अधिक वर्षों से लगभग 30 परिवार कच्चे-पक्के मकान बनाकर रह रहे हैं। वर्तमान में नगर पंचायत द्वारा मुख्यमंत्री नजूल पट्टा वितरण हेतु सर्वे कार्य किया जा रहा है। हालांकि, बी-1 रिकॉर्ड में यह भूमि गांवठान के रूप में दर्ज होने के कारण तकनीकी प्रविष्टि की वजह से ये परिवार पट्टा और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। राजस्व रिकॉर्ड में सुधार और बटांकन की मांग की।

रहवासियों ने बताया कि उनके पास टैक्स रसीद और पुराने दस्तावेज उपलब्ध हैं। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि खसरा नंबर 647 पर बसे कई परिवारों की घनी बस्ती की वास्तविक स्थिति को स्वीकार किया जाए। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरूद को कार्रवाई हेतु दिशा निर्देश दिए जाए। विदित हो कि उक्त भूमि का बटांकन (विभाजन) कर आबादी वाले भाग को शासकीय नजूल आबादी भूमि घोषित करने की मांग की गई ताकि वर्षों से रह रहे इन परिवारों को नजूल पट्टा और प्रधानमंत्री आवास योजना का हक मिल सके। अधिकारियों ने उनकी मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

Pride of Dhamtari

धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल
TO SERVE, NOT TO BE SERVED
ESTD. - 1910
- न्यूरोसर्जरी : सटीक देखभाल के लिए -
दिमाग | रीढ़ | तंत्रिका
EXPERTISE | EMPATHY | BETTER OUTCOMES
बस स्टैण्ड के पास
धमतरी (छ.ग.)
94249-42992
उन्नत न्यूरोसर्जिकल देखभाल के लिए जीवन को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध
डॉ.आशना जेबीन
MBBS, DrNB (Neurosurgery)
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल में
न्यूरो सर्जन
प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे

24 घंटे भर्ती सुविधा
• एनआईसीयु
• आईसीयु
• पीडियाट्रिक वार्ड
• टीकाकरण
• ओपीडी
बच्चों का अस्पताल
सिद्धिविनायक
'आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमारे हाथ'
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ (पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़)
अंबेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. 9981321524, 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

प्रथम पृष्ठ का शेष

वीबी जी-राम-जी योजना से विकसित होगा ग्रामीण अंचल

राम-जी में 125 मानव दिवस के कार्य होंगे। मजदूरी राशि 261 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए की गई है। **40 करोड़ का प्रपोजल आ चुका है :** ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 40 करोड़ रुपये का प्रपोजल आ चुका है। 184 करोड़ रुपये का आवंटन मिला है। श्री सार्वा ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि गांव में विकास कार्यों की ऐसी प्लानिंग करें कि इस सत्र में मिली राशि के अलावा अगले सत्र में मिलने वाली राशि से विकास कार्यों को मूर्त रूप दिया जा सके। चर्चा के दौरान जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जिपं सदस्य अजय ध्रुव, मीना साहू, गीतेश्वरी साहू मौजूद थे।

घरों की छत पर रोजाना बन रही 75 हजार यूनिट बिजली

के लिए 45 हजार से लेकर 1 लाख 8 हजार तक सब्सिडी दे रहा है। बाकी राशि भी फाइनेंस हो रही है। इसका लाभ यह है कि जितनी रकम लोग बिजली बिल पटाने में खर्च करते थे, अब उतनी ही रकम से फाइनेंस की किस्त पटा रहे हैं। यही कारण है कि पीएम सूर्यघर योजना के तहत लोगों में सोलर प्लांट लगाने में रूचि बढ़ी है। स्थिति देखें तो पूरे जिले में 5 हजार 944 मकानों में पीएम सूर्यघर योजना के तहत सोलर प्लांट लगाया जा चुका है। रोजाना 30-32 घरों में सोलर प्लांट इंस्टालेशन का काम हो रहा है। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल सोनी ने बताया कि जिले में 1800 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने सोलर सिस्टम लगवाया है, जिसके बाद उनके घरों में बिजली का बिल शून्य हो गया है। बाकी लोगों के घर में भी काफी कम बिजली बिल आ रहा है।

डांडेसरा में पुलिस की कार्रवाई, डंडा-रॉड और चक्रनुमा हथियार जब्त

पुलिस ने गले में तख्तियां डालकर चार युवकों को गांव में घूमाया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

थाना कुरुद क्षेत्र के ग्राम डांडेसरा में पुलिस ने सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए चार युवकों को लेकर गांव में पैदल भ्रमण कराया। युवकों के गले में तख्तियां लटकाई गई थीं, जिन पर गांव में गुंडागर्दी नहीं चलेगी, गांव वालों को डरने की जरूरत नहीं है लिखा था। पुलिस ने इस कार्रवाई के जरिए ग्रामीणों को भयमुक्त वातावरण का संदेश दिया। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दायरे में आए युवकों के खिलाफ थाना कुरुद में पूर्व में मारपीट, हथियार लहराने तथा लोगों को डराने-धमकाने से संबंधित मामले दर्ज हैं। कार्रवाई में उमाकांत कंवर, राहुल कंवर, कृष सेन और भूलेंद्र साहू सभी निवासी डंडेसरा शामिल हैं।पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की कि गांव में गुंडागर्दी, हथियार प्रदर्शन, डराने-धमकाने या किसी अन्य अवैध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। मामले में की गई कार्रवाई के संबंध में अंतिम निर्णय न्यायालयीन प्रक्रिया के अधीन रहेगा।



डंडा, रॉड और दंतीला चक्रनुमा हथियार जब्त

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने युवकों के पास से डंडा, लोहे की रॉड तथा लोहे से बना दंतीला चक्रनुमा हथियार बरामद कर जब्त किया। पुलिस ने बरामद सामग्री के संबंध में संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी कमलेश ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव की गलियों में पैदल भ्रमण कराया।

ग्रामीणों को दिया भयमुक्त माहौल का संदेश

पुलिस ने कहा कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने, लोगों को डराने-धमकाने अथवा सार्वजनिक स्थानों पर हथियार लेकर दहशत फैलाने जैसी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सेवा संकल्प अभियान के तहत असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर निगरानी के साथ वैधानिक कार्रवाई और जागरूकता का प्रयास किया जा रहा है।

प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा आज करेंगे पोर्टल का शुभारंभ

जनप्रयास पोर्टल से विकास में नागरिकों की भागीदारी को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले के विकास को जनभागीदारी से नई गति देने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा जनप्रयास पोर्टल तैयार किया गया है। इस डिजिटल मंच का शुभारंभ आज 2 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे मेनोनाइट इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल धमतरी में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व एवं धमतरी जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे।

जनप्रयास पोर्टल का उद्देश्य शासन-प्रशासन के प्रयासों के साथ जिले के नागरिकों की रचनात्मक सहभागिता को जोड़ना है। पोर्टल के माध्यम से नागरिक अपने सुझाव, विचार, स्थानीय पहल तथा जनहित से जुड़े प्रयासों को साझा कर सकेंगे। इससे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों, नागरिकों की क्षमताओं और प्रशासनिक प्रयासों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में सहायता मिलेगी। जिला प्रशासन की यह पहल विकास को केवल शासकीय योजनाओं और विभागीय गतिविधियों तक सीमित न रखते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास प्रक्रिया से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

जनप्रयास पोर्टल के शुभारंभ कार्यक्रम की थीम हर नागरिक अपने जिले को बदल सकता है रखी गई है।

यह थीम नागरिकों में अपने जिले के प्रति उत्तरदायित्व और स्वामित्व की भावना को प्रोत्साहित करने का संदेश देती है। यह पोर्टल नागरिकों और प्रशासन के बीच संवाद को और अधिक सुगम बनाने के साथ-साथ सुझाव से समाधान और सहभागिता से विकास की दिशा में डिजिटल सेतु के रूप में कार्य करेगा। स्थानीय स्तर पर नागरिकों द्वारा किए जा रहे नवाचार, सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य तथा सामुदायिक प्रयास भी इस मंच के माध्यम से व्यापक स्तर पर सामने आ सकेंगे।

सुर ताल 2.0 के फिनाले में प्रतिभाओं ने बिखेरा सुर और नृत्य का रंग





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रोटरी क्लब धमतरी द्वारा आयोजित सुर ताल 2.0 डांसिंग एंड सिंगिंग फिनाले का आयोजन 1 अक्टूबर को विमल टॉकिज में किया गया। शाम 4 बजे शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात तक चला। प्रतियोगिता में शहर की उभरती गायन और नृत्य प्रतिभाओं ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोहा। रोटरी क्लब के अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा एवं सचिव जागृति दोशी ने बताया कि करीब एक माह पहले आयोजित ऑडिशन में लगभग 600 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इनमें से गायन और नृत्य वर्ग में 25-25 प्रतिभागियों का चयन फिनाले के लिए किया गया। चयनित प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में रोटेरियन सदस्य अपने परिवार सहित शामिल हुए। देर रात तक चले फिनाले में प्रतिभागियों ने प्रस्तुति दी।





पांच दिन बाद नदी में मिला रिटायर्ड वनकर्मी का शव

- बालका नदी किनारे मिले थे मोबाइल और अन्य सामान
- एसडीआरएफ ने चलाया था तलाश अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जिले में बीते दिनों हुई झमाझम बारिश के बाद नदी-नालों में आए उफान और बाढ़ का असर जनजीवन पर देखने को मिला। इसी दौरान सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसिदा से लापता हुए 65 वर्षीय सेवानिवृत्त वनकर्मी बाबूलाल साहू का शव करीब पांच दिन बाद नदी से बरामद किया गया। शव मिलने के बाद पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बाबूलाल साहू वन विभाग में बाबू के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। बताया गया कि बीते शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात वे अपने घर में मौजूद थे। शनिवार की सुबह परिजनों ने देखा तो बाबूलाल घर से गायब मिले। इसके बाद परिजनों ने आसपास उनकी तलाश शुरू की। इस दौरान बालका नदी के किनारे उनका मोबाइल फोन और शॉल मिला। वहीं डंडा तथा टॉवेल भी नदी के पास बनी सीढ़ियों पर मिला। नदी में उस समय तेज बहाव और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए परिजनों ने उनके पानी में बह जाने की आशंका जताई। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने परिजनों के साथ नदी एवं आसपास के क्षेत्र में तलाश अभियान शुरू किया। गुरुवार को कुछ लोग नदी में मछली पकड़ने के लिए गए थे। इसी दौरान उनकी नजर नदी में पड़े शव पर पड़ी। शव बिरगुड़ी से भूमका के बीच महानदी-दुधावा जलाशय के अंतिम छोर पर बने बड़े पुल से करीब 500 मीटर आगे नदी में मिला। लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर आवश्यक कार्रवाई की।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक परिस्थितियों में बाढ़ के दौरान तेज बहाव में बहने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

हितग्राहियों को शिल्प पेटी का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

रविदास चर्म शिल्प योजना अंतर्गत नगर पंचायत भखारा-भठेली के वार्ड क्रमांक-09 निवासी मंथिर चौरे एवं डोमार सिंह चौरे को शिल्प पेटी का वितरण नगर पंचायत कार्यालय भवन में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू, सभापति छबिलाल निर्मलकर, पार्षद जितेंद्र साहू सहित नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वच्छता कर्मी उपस्थित रहे। योजना के माध्यम से हितग्राहियों को उनके पारंपरिक व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। हितग्राहियों ने शासन की इस जनकल्याणकारी पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने कार्य को बेहतर ढंग से संचालित करने में सहायता मिलेगी। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना स्थानीय निकाय की प्राथमिकता है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका मितानिन का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गोकुलपुर वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि विजय साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति विभा चंद्राकर, वार्ड पार्षद गजेन्द्र कंवर तथा वक्ता रमशीला साहू एवं नीलू तिवारी थे।

कार्यक्रम के दौरान भावना नेताम द्वारा खिलौना दान किया गया। साथ ही न्योता भोज, स्वस्थ शिशु की माता का सम्मान, पोषण शक्ति सम्मान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं तथा मितानिन दीदियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की रूपरेखा परियोजना अधिकारी उषाकिरण चंद्राकर द्वारा प्रस्तुत की गई। उन्होंने आंगनबाड़ी सेवाओं, पोषण एवं महिला-बाल विकास से संबंधित गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र के हितग्राहियों द्वारा विभिन्न पौष्टिक व्यंजन बनाकर लाए गए, जिससे कार्यक्रम में सहभागिता एवं सामुदायिक जुड़ाव का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। मौके पर पर्यवेक्षक अर्चना साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सरस्वती मेश्राम, श्रीमती किरण साहू, सहायिका, मितानिन एवं हितग्राही मौजूद थे।

आंगन मिलन सेवा चौपाल में माताओं ने की सहभागिता



कुरुद। जोरातराई (सि) स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा चौपाल का आयोजन पूर्व सरपंच सविता गंजीर एवं सरपंच रोहिणी साहू के आतिथ्य में किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में गर्भवती एवं शिशुवती माताओं-बहनों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा आंगनबाड़ी के माध्यम से मिलने वाली सेवाओं को लेकर जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर प्राथमिक शाला की शिक्षिका मीनाक्षी भुवार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सोनवानी, मितानिन केशरी एवं केंवरा, नलीनी साहू, चित्ररेखा साहू तथा योगेश्वरी मिथलेश उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान अंजीरा साहू की ओर से न्योता भोज के उपलक्ष्य में उपस्थित माताओं एवं अन्य लोगों को फल के रूप में केले वितरित किए गए। चौपाल के माध्यम से महिलाओं को योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया।



अंचल की खबरें

पदोन्नति, समयमान एवं ग्रेड-पे पर हुई चर्चा

धमतरी। चतुर्थ श्रेणी स्वास्थ्य कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष एसआर टंडन ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों को प्रभावी ढंग से उचित मंच तक पहुंचाने के लिए संगठन की एकजुटता आवश्यक है। उन्होंने सभी कर्मचारी साथियों से संगठन के प्रति सक्रिय सहभागिता एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। प्रांतीय संयोजक हेमंत भोसले ने कर्मचारियों को संगठन के साथ मजबूती से जुड़ने तथा अपनी समस्याओं एवं मांगों को संगठित रूप से सामने रखने की बात कही। उन्होंने आगामी पदोन्नति चैनल एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध पदोन्नति के अवसरों के संबंध में जानकारी साझा की। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संजय नारंग ने संगठन की एकता, अखंडता एवं आपसी समन्वय को कर्मचारी हितों की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण बताया। बैठक में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव मुकेश कुमार साहू, जिला सचिव ओमप्रकाश निर्मलकर एवं पीबी जिचकर समेत अनेक कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक नंदलाल नेताम द्वारा किया गया।



शिक्षार्थी लाइसेंस शिविर का आयोजन

धमतरी। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में छात्राओं की सुविधा के लिए शिक्षार्थी लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया ने कहा कि इस प्रकार के शिविर छात्राओं को आवश्यक शासकीय सेवाएं सहज रूप से उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने में उपयोगी हैं। शिविर में परिवहन विभाग से आए अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा छात्राओं को शिक्षार्थी लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। शिविर में अब तक 12 छात्राओं ने शिक्षार्थी लाइसेंस हेतु आवेदन प्रक्रिया में सहभागिता की है। छात्राओं के आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण कर उन्हें लाइसेंस की विभिन्न श्रेणियों, आवेदन प्रक्रिया तथा यातायात नियमों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर परिवहन विभाग के अधिकारियों ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। आभार व्यक्त राजेश कुमार सहायक प्राध्यापक ने किया।



निबंध स्पर्धा में खुशबू प्रथम एवं नीलम द्वितीय रहीं

आमदी। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में हिंदी पखवाड़ा पर निबंध प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि हिंदी केवल भाषा ही नहीं अपितु संस्कृति है। देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने में हिंदी का महत्वपूर्ण योगदान है। राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक चेतना एवं सांस्कृतिक चेतना जागृत करने में भी हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉ. गौकरणप्रसाद जायसवाल ने कहा कि आज वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी एक सशक्त भाषा बनकर उभरी है। इसका कारण इसकी लिपि देवनागरी है, जो वैज्ञानिकता पर आधारित है साथ ही इसमें ग्रहणशीलता के गुण विद्वान है जिसके कारण अन्य भाषा भाषी के लोग इसे आसानी से सीख सकते हैं। हिंदी भाषा के संवर्धन के लिए इंडिया नहीं भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं भारत में संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। छात्रा खुशबू साहू निबंध प्रतियोगिता में प्रथम एवं नीलम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संगोष्ठी में खुशबू साहू, रेणुका साहू एवं नोमेश्वरी अपने विचार व्यक्त किए।



नागदेव मंदिर परिसर में शौचालय तथा पेवर ब्लाक के लिए 7.50 लाख की घोषणा

धमतरी। हटकेशर, सुभाष नगर वार्ड स्थित नागदेव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महापौर रामू रोहरा द्वारा महिला एवं पुरुष शौचालय तथा पेवर ब्लाक निर्माण के लिए 7 लाख 50 हजार की राशि की घोषणा की गई है। महापौर की इस घोषणा से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। घोषणा के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए पार्षद श्रीमती पूर्णिमा देवांगन के साथ नागदेव महिला समूह की पदाधिकारी एवं सदस्य नगर निगम कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने महापौर से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा मंदिर परिसर में आवश्यक जनसुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आभार ज्ञापित किया। महिला समूह की पदाधिकारियों ने कहा कि नागदेव मंदिर परिसर में महिला एवं पुरुष शौचालय तथा पेवर ब्लाक का निर्माण होने से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि नागदेव मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास एवं जनसुविधा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा।



जल संरक्षण से मिट्टी की सेहत सुधारने पर जोर

धमतरी। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से खेतों की मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इससे मिट्टी कठोर होने के साथ उत्पादन क्षमता में कमी और खेती की लागत में बढ़ोतरी हो रही है। ग्राम भरारी में किसानों से चर्चा करते हुए खेती बचाओ अभियान के कृषि विशेषज्ञ नरेश सोनकर ने प्राकृतिक खाद और जल संचय के उपयोग पर जोर दिया। श्री सोनकर ने कहा कि वर्ष 1960-70 के दशक से रासायनिक उर्वरकों का लगातार बढ़ता उपयोग मिट्टी की संरचना को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने किसानों को खेतों में गोबर खाद के उपयोग की सलाह दी। गोबर खाद उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में उन्होंने जल संचय का उपयोग करने की जानकारी दी। उनके अनुसार एक एकड़ में पांच किलो जल संचय का प्रयोग दो ट्रैक्टर-ट्रॉली गोबर खाद के बराबर प्रभाव देने में सहायक हो सकता है। उन्होंने बताया कि जल संचय प्राकृतिक सामग्री से तैयार खाद है, जिसमें केले, गन्ने और अन्य फलों के छिलकों का उपयोग किया जाता है। इसके उपयोग से सिंचाई की जरूरत कम होने और रासायनिक उर्वरकों की मात्रा में लगभग 20 प्रतिशत तक कमी आने का दावा किया गया। उत्पादन में करीब 30 प्रतिशत वृद्धि की बात भी कही।

मनप्रीत सिंह को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

धमतरी। भाजयुमो जिला धमतरी के सह कोषाध्यक्ष मनप्रीत सिंह हंसरा (मन्ने) के असमय निधन से शहर में शोक की लहर है। मनप्रीत को गुरुवार को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। रिसाईपारा स्थित उनके निवास से अंतिम यात्रा निकली, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन, मित्र, समाजजन और संगठन से जुड़े लोग शामिल हुए। मनप्रीत सिंह हंसरा युवा मोर्चा की गतिविधियों में सक्रिय रहते थे। उनके निधन को संगठन के साथियों ने अपूरणीय क्षति बताया। भाजयुमो ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा की ओर से भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।



खबर संक्षेप

सुपेला में रामधुनी सम्मेलन कल से



अंवरी। ग्राम सुपेला (भखारा) में पितृ पक्ष पर ग्रामवासियों के सहयोग से 7 दिवसीय अखण्ड श्री रामनाम सप्ताह यज्ञ रामधुनी सम्मेलन का आयोजन 3 से 10 अक्टूबर तक किया गया है। प्रतिदिन अलग-अलग मण्डलियां संगीतमय श्रीराम कथा की प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम की तैयारी में ग्राम विकास समिति के सरंक्षक कृष्णदयाल साहू, सोनऊराम देवांगन, बलराम साहू, अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, उपाध्यक्ष खिलावनराम साहू, सचिव कन्हैयालाल साहू, कोषाध्यक्ष दयालुराम साहू, सरपंच चेतनलाल देवांगन, उपसरपंच पूरनलाल साहू सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के सहसचिव परमानंद साहू ने दी।

धान खरीदी व उठाव में आ रही परेशानियों पर हुई चर्चा



धमतरी। 27 सितंबर को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक तथा 28 सितंबर को विपणन संघ की वार्षिक साधारण बैठक सर्किट हाउस रायपुर में हुई। धमतरी क्षेत्र की साख सहकारी समितियों के प्राधिकृत प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में बैंकिंग कार्यों की समस्याओं और धान खरीदी व उठाव में आ रही परेशानियों पर चर्चा हुई। प्राधिकृत सहकारी समिति बोड़रा के चिरौंजीलाल साहू ने लिखित एवं मौखिक मांग पत्र प्रस्तुत कर समिति की समस्याओं से शासन को अवगत कराया। प्रबंध संचालक विपणन संघ एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ने मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

धमतरी में शारदीय नवरात्र की तैयारियां तेज, भव्य पंडाल और विद्युत सज्जा होंगे आकर्षण का केंद्र

हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा नौ दिनों तक होंगे धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धर्मनगरी धमतरी में शारदीय नवरात्रि को लेकर तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। शहर के अलग-अलग हिस्सों में दुर्गा प्रतिमाओं के लिए आकर्षक पंडाल आकार लेने लगे हैं, वहीं मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। इस बार नवरात्रि में माता के आगमन की धार्मिक मान्यता के साथ भव्य पंडाल और विद्युत सज्जा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी।

धार्मिक मान्यता के अनुसार इस वर्ष मां दुर्गा का आगमन हाथी पर होने की बात कही जा रही है। गजराज को सुख-समृद्धि, धन-धान्य और वैभव का प्रतीक माना जाता है। नवरात्र के नौ दिनों तक देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक आयोजन होंगे। महाअष्टमी और महानवमी पर विशेष पूजा, हवन और कन्या पूजन के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है।

शहर के मां बिलाई माता मंदिर, रिसाईमाता मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर सहित गंगरेल स्थित मां अंगारमोती मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश स्थापना के लिए पंजीयन शुरू हो गया है। विभिन्न राज्यों और विदेशों में रहने वाले भक्त भी मां अंगारमोती मंदिर में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराते हैं।

ज्योति कलश के लिए पंजीयन शुरू



पंडालों में बिजली व्यवस्था पर नजर

दुर्गा पंडालों में विद्युत सज्जा के लिए समितियों को अस्थायी कनेक्शन लेना होगा। हाइटेंशन या अन्य विद्युत तारों से हुकिंग करने पर कार्रवाई की जाएगी। स्मार्ट मीटर के कारण बिजली खपत की जानकारी विभाग को ऑनलाइन मिल रही है। नवरात्रि की शुरुआत 11 अक्टूबर को घट स्थापना से होगी। 18 अक्टूबर को महाअष्टमी, 19 अक्टूबर को महानवमी और 20 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ दुर्गा विसर्जन होगा।

टिकरापारा में चंद्रहासिनी मंदिर की तर्ज पर बनेगा पंडाल

टिकरापारा में पीपल पेड़ के पास नेशनल हाईवे पर हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य दुर्गा पंडाल तैयार किया जा रहा है। पिछले वर्षों में यहां रतनपुर महामाया और मां दंतेश्वरी मंदिर की प्रतिकृति श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही थी। इस बार रायगढ़ स्थित मां चंद्रहासिनी मंदिर की डिजाइन पर पंडाल तैयार किया जा रहा है। मां दुर्गा की प्रतिमा कुम्हारपारा के स्थानीय कलाकार तैयार कर रहे हैं। समिति के प्रिंस गंजीर, कृक्ष, पप्पू नेताम और रुद्रेश सहित अन्य सदस्य तैयारियों में जुटे हैं।

नवरात्रि की तैयारी को लेकर मां अंगारमोती ट्रस्ट की बैठक आज



- श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्था पर अंतिम रूपरेखा बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नवरात्रि की तैयारी को लेकर आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल की अंतिम समीक्षा बैठक आज सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई की अध्यक्षता में होगी। बैठक में नवरात्रि आयोजन के लिए विभिन्न समितियों को सौंपे गए दायित्वों एवं व्यवस्थाओं की अंतिम समीक्षा की जाएगी। आयोजन के बेहतर संचालन के लिए युवा प्रभाग एवं युवतियों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। जिला गोंड समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को भी बैठक में आमंत्रित किया गया है।

बैठक में श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा, यातायात सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। सभी समितियों एवं पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के समुचित निर्वहन की अंतिम रूपरेखा भी तय की जाएगी।

ट्रस्ट अध्यक्ष जीवराखन मरई ने ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों, समिति सदस्यों, जिला गोंड समाज के पदाधिकारी, सदस्यों तथा युवक-युवतियों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

श्यामतराई में देह व्यापार का ग्रामीणों ने किया विरोध



धमतरी। श्यामतराई के मकान में अवैध गतिविधियों पर जो पुलिस ने कार्रवाई की है, उसके लिए सरपंच व ग्रामीणों ने पुलिस को धन्यवाद दिया है। लेकिन यह भी कहा है कि लंबे समय से यह गतिविधियां संचालित है। पूर्व में भी कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया था।

एसपी को दिए आवेदन में ग्रामीणों ने कहा कि ग्रामवासी विगत 3-4 वर्षों में पुलिस थाना एवं एसपी कार्यालय में लिखित शिकायत कर चुके थे। परन्तु अब यह भी सुनने में आया है कि ग्रामीण एरिया में वह कानूनी धारा नहीं लग सकती जो नगरीय इलाकों में लगती है। ग्रामीणों ने सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपन के दौरान सरपंच डोमेश्वरी साहू, उपसरपंच धनंजय साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष टीकाराम साहू, उपाध्यक्ष नीलकंठ साहू, कोषाध्यक्ष शत्रुधन साहू, सचिव तामध्वज सोढ़ी, बालकराम, तुकाराम समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

कृषि विद्यार्थियों ने मुड़पार में किया पौधरोपण



धमतरी। महामाया कृषि महाविद्यालय सियादेही के कृषि विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव एवं कृषि जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत मुड़पार में पौधरोपण किया गया। विद्यार्थियों ने फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, पौधों की देखभाल एवं हरियाली के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य आरके शर्मा, डॉ हेमंत कुमार रावे इंचार्ज, सरपंच श्रीमती दशोदा यादव, पिंकी साहू प्रधानपाठक, जमना साहू, डॉ तृप्तिबाला समेत ग्रामीणजन उपस्थित थे।


चर्म रोग एवं एलर्जी
क्लीनिक
स्थायी इलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स)
सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली
डॉ. राकेश साहू
होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक
(मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि- स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411


राधेश्याम राठिया सांसद, रायगढ़
केराबाई मनहर पूर्व विधायक सांरगढ़
संजय भूषण पाण्डेय अध्यक्ष जिला पंचायत सांरगढ़
ज्योति पटेल जिलाध्यक्ष भाजपा सांरगढ़
कमलेश अग्रवाल अध्यक्ष नगर पंचायत सरिया
जगन्नाथ पाणिग्राही प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा
डॉ अभिलाषा कैलाश नायक जिला पंचायत सदस्य
विनोद भारद्वाज जिला पंचायत सदस्य सांरगढ़
ताराचंद देवांगन जिलाध्यक्ष कांग्रेस
श्रीमती ममता राजीव सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत सारंगढ़
सोनी अजय बंजारे अध्यक्ष नगर पालिका सारंगढ़
पदमा घनश्याम मनहर पूर्व विधायक सारंगढ़
कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़
श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े विधायक सांरगढ़
श्रीमती पद्मनी भोई साहू कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़
श्री सुनील शर्मा जी पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़
हरिभूमि & Ninh 24x7
समाचार ही नहीं, विचार भी
बढ़ते भारत की आवाज़
Presents
जिला संवाद 2026
सारंगढ़-बिलाईगढ़
रतन शर्मा जिलाध्यक्ष कैट सारंगढ़-बिलाईगढ़
डॉ. आनंद प्रधान प्रधान हॉस्पिटल दानसरा सारंगढ़
मुकेश अग्रवाल जिलाध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन सारंगढ़-बिलाईगढ़
संगीत सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेबर ऑफ कामर्स इंड्रस्टीज सारंगढ़-बिलाईगढ़
सतीश यादव अध्यक्ष सेवा भारती एवं समाजसेवी
छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में
कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन एक मंच पर
मान. टंकराम वर्मा
राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री
प्रभारी मंत्री, जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़
जिला संवाद 2026 सारंगढ़-बिलाईगढ़
डॉ. हिमांशु द्विवेदी
प्रधान संपादक - हरिभूमि, आईएनएच
जिला संवाद 2026 सारंगढ़-बिलाईगढ़
मान. गजेन्द्र यादव
शिक्षा मंत्री छ.ग. शासन
दिनांक : 4 अक्टूबर 2026, रविवार, समय : 3 बजे
कार्यक्रम स्थल : शुक्ला मैरिज पैलेस, बरमकेला रोड, सारंगढ़
इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकास को सुनिश्चित करेगी।
MP TATA PLAY 1155 | airtel 366 | hathway 229 | DEN 350 | ACN 172 | 367 | SITI 359 | RCN 236 | RAJA CABLE 253 | ACN 227 | inh | जनता TV | CG TATA PLAY 1155 | airtel 366 | hathway 222 | DG 367 | 347 | Grand NEWS 345 | SITI 314 | BCC 326 | NST 1150 | VANDE MATRAM NETWORK 397 | 478 | NEXT DIGITAL 812
एवं सभी केबल नेटवर्क पर उपलब्ध